सार-समाचार

नदी में डूबने से 2 सगे भाइयों की मौत

डूंगरपुर, (निसं)। देवसोमनाथ के पास सोम नदी में डूबने से 2 सगे भाइयों की मौत हो गई। दोनों नदी में नहाने गए थे। छोटा भाई डूबने लगा तो बडा उसे बचाने गया, लेकिन दोनों की जान नहीं बच सकी। दोनों के शवों को नदी से बाहर निकालने के बाद सेमारी अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया है। वहीं दोनों बेटों की मौत के बाद परिवार में माहौल गमगीन है। घटना उदयपुर जिले के सेमारी थाना क्षेत्र में हुई है। सोम नदी डूंगरपुर और उदयपुर जिले की सीमा को बांटती है। रागली सवग निवासी जिगर पुत्र प्रभु कनिपा और बडा भाई प्रकाश पुत्र प्रभु कनिपा बुधवार शाम के समय देवसोमनाथ के सोम नदी में नहाने के लिए गए थे। इस दौरान जिगर नदी की गहराई में चला गया और डूबने लगा। जिस पर बडा भाई प्रकाश उसे बचाने के लिए गयाए लेकिन दोनों पानी की गहराई में डूब गए। ये हादसा देख बडी संख्या में लोग इकट्ठे हो गए। सूचना पर उदयपुर के सेमारी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस की मदद से सिविल डिफेंस की टीम ने तलाश शुरू कर दी। देर शाम को दोनों भाइयों के शव बाहर निकाल दिए। प्रभु कानिपा के दो बेटे थे और दोनों की एक साथ मौत पर परिवार में मातम पसरा हुआ है। बडा भाई प्रकाश कनिया अग्निवीर में सिलेक्ट हो चुका था। वह इंदौर में आर्मी और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। दो दिन पहले ही वह इंदौर से अपने घर आया था। दोनों भाई अच्छे तैराक भी थे,लेकिन पानी की गहराई और तेज बहाव में उनकी जान चली गई।

33 ग्राम अफीम के साथ दो गिरफ्तार

बांसवाड़ा, (निसं)। लोहारिया थाना पुलिस ने 33 ग्राम अफीम ले जाते हुए दो मुल्जिमों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी शिशुपाल सिंह ने बताया कि 17 सितम्बर को डीएसटी टीम से सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति मोटर साईकिल पर तोरणा गांव से अफीम लेकर निकले हैं जो आसन होते हुए सरेडी बड़ी की तरफ जा रहे हैं जिस पर लोहारिया थानाधिकारी शिशुपाल सिंह एवं डीएसटी टीम के जाप्ते ने सरेडी बड़ी रोड पर नाकाबंदी की। नाकाबंदी के दौरान एक सफेद रंग की मोटर साईकिल पर दो व्यक्ति आते हुए दिखाई दिये जिन्हें घेरा देकर रोका गया। तलाशी लेने पर हरीश निवासी मोरडी नामक युवक के पास 33 ग्राम अफीम बरामद की गयी। दूसरे ने अपना नाम राकेश पुत्र देवेन्द्र पाटीदार निवासी गढ्ढी होना बताया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त मोटर साईकिल, दो मोबाइल व 470 रूपये कब्जे में लिये। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज कर लिया है।

मारपीट का आरोप

उदयपुर,(कासं)। सलूंबर जिले में जनजाति एकलव्य रेजिडेंशियल मॉडल स्कूल सराडा के करीब 55 छात्र उदयपुर पहुंचकर संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवल रमानी से भेंट कर हॉस्टल वार्डन और प्रिंसिपल पर छात्रों ने परेशान करने का आरोप लगाया है। सलूंबर जिले में जनजाति एकलव्य रेजिडेंशियल मॉडल स्कूल सराडा के करीब 55 छात्र गुरुवार को उदयपुर आए।सलूंबर जिले में जनजाति एकलव्य रेजिडेंशियल मॉडल स्कूल सराडा के हॉस्टल वार्डन और प्रिंसिपल पर छात्रों ने परेशान करने का आरोप लगाया है। स्टूडेंट्स ने जनजाति आयुक्त से शिकायत की है। छात्रों ने संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवल रमानी से वार्डन और प्रिंसिपल की शिकायत करते हुए उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। छात्रों ने आयुक्त को बताया कि प्रिंसिपल जय मीणा बेवजह उनके साथ मारपीट करते हैं।वहीं वार्डन रविन्द्र मीणा रोजाना रात को शराब पीकर आते हैं और बच्चों के कमरों में जाकर गलत व्यवहार करते हैं। इसकी शिकायत पुलिस में भी की गई लेकिन कुछ कार्रवाई नहीं हुई। हॉस्टल में खाने के नाम पर कच्ची जली रोटियां मिलती हैं। छाछ-पानी मिलाकर दी जाती है। एक छात्र ने बताया कि हॉकी सेमीफाइनल मैच में जीत की खुशी में जब बच्चे पीटीआई सर की तारीफ कर रहे थे। तब प्रिंसिपल ने हमें बुरी तरह डांटा और कहा कि एक-एक को चुनकर उनकी टीसी काट दूंगा। मैच में थकान के कारण जब कुछ बच्चे सुबह प्रार्थना में नहीं पहुंचे तो उनके साथ मारपीट की गई।

युवक के तोड़े पैर

कपासन, (निसं)। तालाब में पानी लाने का चुनावी वादा विधायक को याद दिलाते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर डालना युवक को भारी पड़ गया। स्कॉर्पियो में आए बदमाशों ने लाठी-सरियों से युवक के दोनों पैर तोड़ दिए। मामला चित्तौड़गढ़ के कपासन का है। युवक ने आरोप लगाते हुए कहा- विधायक ने इस तरह वीडियो डालने से मना करते हुए धमकी दी थी कि तेरा इलाज कर दूंगा। युवक को गंभीर हालत में अहमदाबाद (गुजरात) रेफर कया गया है। 15 सितंबर को हुई घटना के बाद तीन दिन से न्याय का इंतजार कर रही मां गुरुवार दोपहर प्रदर्शन के दौरान बेहोश हो गई। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस-प्रशासन को 24 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए आरोपियों को पकड़ने की मांग की है।24 घंटे का अल्टीमेटम देने के बाद भी घटना करने वाले को गिरफ्तार नहीं होने पर घटना के बाद क्षेत्र के लोगों में आक्रोश फैल गया। पुलिस-प्रशासन को 24 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए बड़े आंदोलन की चेतावनी दी। आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर गुरुवार (18 सितंबर) सुबह 11 बजे फिर से युवक के परिजन और अन्य संगठनों ने पांच बत्ती चौराहे पर प्रदर्शन किया। करीब ढाई घंटे की समझाइश के बाद मामला शांत हुआ। प्रदर्शन के दौरान युवक मां कंकू देवी की तबीयत बिगड़ गई, जिसे हॉस्पिटल में ले जाया गया। कपासन के भूपाल खेड़ा का रहने वाला सूरज माली (20) ने राजेश्वर तालाब में पानी की मांग को लेकर वीडियो बनाया था।

गैंगरेप के आरोप में दो गिरफ्तार

उदयपुर,(कासं)। शहर के सुरज्पोल थाना क्षेत्र में एक युवती के साथ गैंगरेप के मामले में पुलिस ने दो युवको को गिरफ्तार किया है,जिनसे पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार पीडिता के 6 महीने की गर्भवती होने की बात सामने आने के बाद घटना का पता चलने पर परिवारवालों ने एक सप्ताह पहले उदयपुर पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए दो मुख्य आरोपियों को पकडा है। उनसे पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि युवती को बहलाया फुसलाया होटल में ले जाकर गैंगरेप किया गया था। युवक कई महीनों तक रेप करते रहे।

कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ : अजीत कुमार कर्नाटक

- **विश्वविद्यालय कुलगुरू डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आवश्यक नीति निर्माण में यह सम्मेलन सहयोगी साबित होगा।**
- **'बदलते कृषि परिदृष्य में सतत् पौध संरक्षण की उन्नति' विषयक राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन**

उदयपुर, (कासं)। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चैधरी ने कृषि वैज्ञानिकों का आव्हान करते हुए कहा कि किसानों के लिए हितकारी प्राकृतिक खेती में कीट नियंत्रण तकनीक को भी प्राकृतिक तरीके से ही अधिक उपयोगी बनाने पर अनुसंधान करने की महत्ती जरूरत है, ताकि कीटनाशी व कवकनाशी खरीद में धरतीपुत्र किसान की जेब पर अनावश्यक भार नहीं पड़े।

राज्य मंत्री चौधरी गुरूवार को यहाँ राजस्थान कृषि महाविद्यालय में 'बदलते कृषि परिदृश्य में सतत् पौध संरक्षण की उन्नति' विषय पर आयोजित त्रिदिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे। महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय व एन्टोमोलोजिकल रिसर्च एसोसिएशन एवं क्रॉप केयर फेडरेशन ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस राष्ट्रीय सम्मेलन में अठारह राज्यों के 400 से अधिक कृषि वैज्ञानिक, शोधार्थी और औद्योगिक प्रतिनिधि भागीदारी कर रहे हैं।कार्यक्रम में ऑनलाईन जुड़े राज्य मंत्री चौधरी ने कहा कि आज बदलते जलवायु परिदृश्य मे किसानों की सबसे बडी चिन्ता यह है कि बीज अंकुरण से लेकर उसकी फसल पूर्णतया पककर सकुशल घर आ जाये। साथ ही पौध संरक्षण में किन महत्वपूर्ण बातों का ध्यान रखें कि पर्यावरण संरक्षण भी बना रहे और कीट नियंत्रण के लिए अन्धाधुन्ध दवाओं और कीटनाशकों का प्रयोग भी नहीं हो।

विवि कुलगुरू डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आवश्यक नीति निर्माण में यह सम्मेलन सहयोगी साबित होगा। डॉ. कर्नाटक ने कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। जो लगभग 18 प्रतिशत जीडीपी में योगदान देती है और 45 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या को आजीविका प्रदान करती है। विशिष्ट अतिथि डॉ. जे. पी. सिंह, पादप संरक्षण सलाहकार, भारत सरकार, डॉ. एस. एन. सुशील, निदेशक एनबीएआईआर, बैंगलूरू, डॉ. हरिश मेहता, वरिष्ट सलाहकार, सीसीएफआई, नई दिल्ली, डॉ. एस. के. शर्मा, एडीजी (एचआरडी), आईसीएआर, नई दिल्ली, डॉ. एस. सी. भारद्वाज, अध्यक्ष, एन्टोमोलोजिकल रिसर्च एसोसिएशन, उदयपुर, एन. एस. बारहट, प्रबन्ध निदेशक, एरिस्टो बायोटेक लिमिटेड आदि वक्ताओं ने सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत 2047 के संकल्प प्राप्ति में कृषि उत्पादन बढ़ाने एवं आय में वृद्धि करने मे कीट प्रबन्धन की महत्ती आवश्यकता है।

आरंभ में मुख्य आयोजन सचिव एवं अधिष्ठाता डॉ. मनोज कुमार महला ने स्वागत उद्बोधन देते हुए सम्मेलन के आगामी तीन दिनों में होने वाले विभिन्न तकनीकी सत्रों की विस्तृत जानकारी दी। डॉ. एस रमेश बाबू कीट वैज्ञानिक ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विशाखा बंसल ने किया। सम्मेलन में पौध संरक्षण क्षेत्र में प्रसंशनीय कार्य करने वाले 40 कृषि वैज्ञानिक, शोधार्थी और औद्योगिक प्रतिनिधियों को विभिन्न उपाधि पुरस्कार से नवाजा गया। इसमें पद्मभूषण डॉ राजेंद्र सिंह परोदा अध्यक्ष, टीएएएस, नई दिल्ली को भारतीय कृषि गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया । कुलगुरू एमपीयूएटी डॉ अजीत कुमार कर्नाटक को राजस्थान कृषि रत्न पुरस्कार दिया गया। इसी प्रकार डॉ अनिल कुमार, डॉ जे पी सिंह, डॉ एस एन सुशील, डॉ एस के शर्मा, डॉ ओ पी गिल, डॉ. अमरनाथ शर्मा, डॉ. पूनम श्रीवास्तव, डॉ. भागीरथ चैधरी, डॉ. श्रीनिवास बाबू कुर्री, डॉ. अजीत चहल, डॉ. अजीत कुमार, डॉ. आनंद झा, डॉ. हरीश मेहता, डॉ. के.एन. सिंह, डॉ. सुशील कुमार मिश्रा, श्री नरेंद्र सिंह बारहट, डॉ. आर.जी. अग्रवाल, डॉ. रविंदर सिंह, श्री नीरज यादव, डॉ. पी. के. चक्रवर्ती, डॉ. मनीष जैन एवं के.एस. त्यागराजन इत्यादि को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के दौरान वैज्ञानिकों द्वारा लिखित कुल तीन पुस्तकों का विमोचन किया गया। इनमें एमपीयूएटी के वैज्ञानिक डॉ मनोज कुमार महला एवं टीम द्वारा लिखित 2 तकनीकी बुलेटिन जैविक कीटनाशी एवं जैव नियंत्रक कारकों द्वारा कीट रोग प्रबंधन, टमाटर की उन्नत खेती तथा एक तकनीकी फोल्डर ट्राईकोडर्मा जैव रोगनाशी फफूँद का उत्पादन एवं उपयोग शामिल है।

आदिवासी बेटी के विवाह पर मिला 51000 का संबल

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर जिले में जिला कलक्टर नमित मेहता के निर्देशन में सभी शहरी निकायों तथा तहसील वार दो-दो ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित हो रहे हैं। इसमें बड़ी संख्या में लोग पहुंच कर लाभान्वित हो रहे हैं। जनप्रतिनिधि भी इन शिविरों में जाकर लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्हें लाभान्वित होने का आह्वान कर रहे हैं।

अभियान के तहत गुरूवार को नगर निगम उदयपुर के वार्ड संख्या 13, 14, 15, 16 व 17 के लिए शिविर पारस चौराहा स्थित मीरा कला मंदिर परिसर में आयोजित हुआ। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में गिर्वा तहसील की ग्राम पंचायत खुजरी, बांरापाल, कुराबड़ क्षेत्र में जिंक स्मेल्टर व बिछडी, बड़गांव तहसील क्षेत्र में कविता व लखावली, मावली में गादोली व गोलवाडा, तहसील वल्लभनगर में गोटिपा व बालाथल, तहसील भीण्डर में कण्डुई व सिंहाड, तहसील गोगुन्दा में पाटीया व जसवन्तगढ, तहसील सायरा में सिंघाडा व नान्देशमा, तहसील झाडोल में मोहम्मद फलासिया व बदराणा, तहसील फलासिया में पानरवा व गुराड, तहसील खेरवाडा में परबिला व बंजारीया, तहसील नयागांव में देमत व गुडा, तहसील ऋषभदेव में कोजावाडा व भूधर तथा कोटड़ा तहसील क्षेत्र में ग्राम पंचायत कोटडा व निचला सुबरी में शिविर आयोजित हुए। सेवा शिविरों में राजस्व, पेंशन, पशु बीमा आदि से जुडे कई प्रकरणों का हाथों हाथ निस्तारण किया गया। इसके अलावा विभिन्न विभागों की योजनाओं से वंचित पात्र लोगों को जोड़ते हुए लाभान्वित भी किया जा रहा है। इसी क्रम में गिर्वा तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत खजूरी में ग्रामीण सेवा शिविर हुआ। इसमें आदिवासी बीपीएल परिवार की पुत्री सुगना मीणा के विवाह पर मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के लिए आवेदन किया गया। शिविर प्रभारी के निर्देशन में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से उपस्थित त्रिलोकचंद किरोड़ीवाल ने आवेदक से संपर्क उनके दस्तावेजों की पूर्ति कराकर आवेदन अग्रेषित किया। सामाजिक सुरक्षा अधिकारी गिर्वा हर्षित कुमार पंचोली ने 51000 रूपए की सहायता राशि की हाथों-हाथ स्वीकृति जारी कराई।

शिविर स्थल पर उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, गिर्वा एसडीएम अवुला साईकृष्ण ने लाभार्थी को स्वीकृति पत्र प्रदान किया। लाभार्थी की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने मुख्यमंत्री सहित जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। इसी प्रकार उपखंड क्षेत्र गोगुन्दा की ग्राम पंचायत सिंघाड़ा में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में केसरसिंह जी का गुड़ा निवासी भूपेंद्र सिंह पुत्र हरि सिंह के 5 वर्षों से लंबित नामांतरण प्रकरण का भी 5 मिनट में निस्तारण करते हुए राहत प्रदान की गई। सेवा पर्व पखवाडा के अन्तर्गत ऋषभदेव क्षेत्र की ग्राम पंचायत कोजावाडा में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रार्थीया शांता देवी ने आवेदन किया।

गुमशुदा व्यापारी की हत्या का पर्दाफाश, साथी व्यवसायी गिरफ्तार

बांसवाड़ा, (निसं)। बांसवाड़ा, पुलिस ने मोटागांव के गुमशुदा व्यापारी की हत्या के सनसनीखेज मामले का खुलासा करते हुए साथी व्यवसायी हर्षित को गिरफ्तार किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी, एएसपी राजेश भारद्वाज के सुपरविजन में घाटोल पुलिस उप अधीक्षक महेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण में गठित मोटागांव थाना पुलिस ने इस मामले का पर्दाफाश किया है। मोटागांव थानाधिकारी रामसिंह पंवार ने बताया कि गत 9 सितम्बर को मुकेश पुत्र देवशंकर शर्मा निवासी मोटागांव ने रिपोर्ट दी कि उसका भतीजा हर्षित पुत्र पूर्णाशंकर शर्मा एवं सुरेश पुत्र कन्हैयालाल सोनी दोनों कार से 8 सितम्बर को दिन में 12 बजे घर से निकले थे जो अब तक वापस नहीं आये है। दोनों के मोबाइल नंबर भी बंद आ रहे है। इसी दौरान किरण पत्नी सुरेश सोनी ने रिपोर्ट दी कि उसका पति सुरेश एवं गांव का हर्षित कार लेकर घर से निकले थे जो अब तक वापस नहीं आये है। रिपोर्ट दर्ज होने के साथ ही गांव एवं क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं होने लगी थी। जिससे पुलिस के लिये यह मामला चुनौतीपूर्ण बन गया। 11 सितम्बर को माही नदी में गुमशुदा सुरेश सोनी का शव मिला वहीं सुरेश की कार को भी माही नदी से रेस्क्यू कर निकाला गया। मौके पर एफएसएल टीम व एमटीओ पुलिस लाइन बुलवाते हुए कार की एफएसएल जांच व मैकेनिकल रिपोर्ट तैयार कर कार को जब्त किया गया। कार में गुमशुदा हर्षित के जुते मिले और हर्षित की तलाश जारी रखी गयी । इन दौरान पता चला कि हर्षित के भुआ का लड़का नितेश मुंबई में रहता है जिसने हर्षित का मुम्बई आना बताया और हर्षित को लेकर नितेश रतलाम आया। पुलिस ने उसे दस्तयाब किया।जब पुलिस ने अनुसंधान किया तो पता चला कि हर्षित ने पूर्व नियोजित तरीके से षड्यंत्रपूर्वक सुरेश को शराब का सेवन कराकर कार को नदी में डाल दिया जिसके बाद दोनों के बीच विवाद और हाथापायी हुई। जिस पर हर्षित ने सुरेश को माही नदी लसाड़ा पुल के ऊपर से हत्या के उद्देश्य से नदी में धक्का दे दिया। पुलिस का कहना है कि पत्रावली पर आये मौखिक एवं दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर मृतक सुरेश को कर्जे से निदान पाने के लिये हर्षित ने पूर्व सुनियोजित तरीके से षड्यंत्रपूर्वक सुरेश की हत्या कर सबूत मिटाने के प्रयास किये।

कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)

क्रमांक F.7(12)PLAN/LANDUSE/2024-25/1486 **आम सूचना** दिनांक : 16/9/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार के द्वारा दिनांक 14-10-2024 को विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधियां (Development Promotion & Control Regulations) हेतु जारी अधिसूचना एवं इसकी निरन्तरता मे समय-समय पर जारी आदेशों/परिपत्रों/अधिसूचनाओं आदि की अनुपालना मे निम्नलिखित प्रकरण भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् विचाराधीन है:-

क्र. सं.	आवेदक का नाम	राजस्व ग्राम/ योजना	खसरा संख्या/ ब्लॉक संख्या	भूखण्ड संख्या	क्षेत्रफल	भूखण्ड / भूमि की स्थिति	भू-उपयोग परिवर्तन
1	श्री रमेश पारिख एवं श्री विजेश पारिख पिता श्री विठ्ठल दास पारिख	उदयपुर शहर	2152/ 1397, 1371 मीन, 1398, 1399, 1404, 1435	संयुक्तिकृत उप विभाजित भूखण्ड 1-ए+ 1+6+4 (पश्चिमी भाग)	5595.00 वर्गफीट	माली कॉलोनी से हिरण मगरी सेक्टर नम्बर 3-4 को जाने वाली 100 फीट सडक पर दिल पंजाबी-3 के समीप स्थित है।	आवासीय उपयोग से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ

उक्त प्रकरण के भू-उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्राधिकरण कार्यालय में इस सूचना जारी होने की तिथि से 15 दिवस में किसी भी कार्य दिवस में निम्नहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सकते है। इस समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नही होने पर भू-उपयोग परिवर्तन बाबत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

सचिव
उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने गिनाए परमाणु बिजलीघर के फायदे

- **विरोध करने वालों पर लगाया राजनीति करने का आरोप**

डूंगरपुर, (निसं)। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड गुरुवार को डूंगरपुर जिले में दौरे पर रहे। सर्किट हाउस में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इसके बाद वे पार्टी कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे की तैयारियों को लेकर चर्चा की।

प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड ने बांसवाडा में परमाणु बिजलीघर का विरोध करने वालों को आडे हाथों लेते हुए कहा कि इसके कई फायदे हैं। सबसे बडा फायदा पूरे क्षेत्र में बिजली की समस्याएं खत्म हो जाएगी। उद्योग, किसान, व्यापार सभी के लिए बिजली मिलेंगी। इससे कई लोगों को रोजगार उपलब्ध होगा और सबसे बडी बात जमीन की कीमत से 4 गुना ज्यादा पैसा मिल रहा है। विरोध करने वाले सिर्फ भोले-भाले लोगों को गुमराह कर अपनी राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने जीएसटी रिफॉर्म को लेकर कहा कि पहले लोग कई तरह के टैक्स देकर परेशान हो जाते थेए लेकिन सरकार ने उसमें बदलाव किया और एक जीएसटी पर लेकर आए। अब रोजाना और खाने पीने की चीजों पर टैक्स फ्री या कम कर दिया। इससे खाने पीने की चीजें सस्ती हो जाएंगी।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड ने विधानसभा में कैमरों को लेकर चल रहे विरोध को लेकर कहा कि ये कैमरे नई विधानसभा बनी तब से लगे हुए हैं। इसके पहले अशोक गहलोत मुख्यमंत्री थे। गहलोत को भी ये बात पता है। इसमें नई बात क्या है, लेकिन जिस तरह से विधानसभा स्पीकर पर आरोप लगाए गए, यह पूरी तरह से गलत है। स्पीकर विधानसभा का मुखिया होता है और उसके पास सुरक्षा को लेकर स्वयं अधिकार है। राजस्थान पाठ्य पुस्तकों से मानगढ धाम का पाठ हटाने के सवाल पर राठौड ने कहा कि पूरी तरह से गलत और गुमराह करने वाली बात है। मानगढ धाम का पाठ चौथी कक्षा की किताब में था,लेकिन अब इसमें बदलाव कर 5 वीं कक्षा की किताब में लिया गया है। उन्होंने अपने मोबाइल पाठ से जुडे हुए तथ्य रखे। उन्होंने ये भी कहा कि काली बाई के इतिहास को हटाने की भी झूठी अफवाहें उडाई जा रही हैं। जबकि काली बाई के इतिहास और पाठ को अब 7 वीं कक्षा में जोडा गया है। ताकि बच्चा उसे अच्छी तरह से समझ सके।

धर्मांतरण विरोधी कानून को लेकर मदन राठौड ने कहा कि सरकार ने पहली बार इसे कानून बनाया है। अब कोई भी व्यक्ति लालच देकर, दबाव बनाकर, ब्लैकमेलिंग कर शिक्षा, स्वास्थ्य के नाम पर नाटक करके अगर धर्म परिवर्तन करवाया है। यह पूरी तरह से अनैतिक होगा और उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उसे आर्थिक और कानूनी दंड भी मिलेगा।

वोट चोर, गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान का आगाज

उदयपुर, (कासं)। देशभर में हो रही वोट चोरी के खिलाफ और लोकतंत्र की रक्षा के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार, शहर जिला कांग्रेस कमेटी, उदयपुर द्वारा प्रातः 11 बजे देवाली स्थित सामुदायिक भवन में वोट चोर, गद्दी छोड हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष फतह सिंह राठौड ने की। मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी एवं बामनवास विधायक इंदिरा मीणा तथा प्रदेश प्रभारी सुशील पारीक उपस्थित रहे।प्रवक्ता शिवशंकर मेनारिया ने बताया कि हस्ताक्षर अभियान को संबोधित करते हुए इंदिरा मीणा ने कहा कि भाजपा की नीति और नियत साफ नहीं है। ये लोग वोट चोरी कर लोकतंत्र की हत्या कर रहे हैं, लेकिन अब जनता जागरूक हो चुकी है और इनके गलत कारनामे ज्यादा दिन नहीं चलेंगे। प्रदेश प्रभारी सुशील पारीक ने कहा कि हस्ताक्षर अभियान बूथ स्तर तक चलाया जाएगा। जिला अध्यक्ष फतह सिंह राठौड ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता बूथ स्तर पर मतदाता सूचियों का गहन निरीक्षण कर फर्जी मतदाताओं के नाम हटवाएंगे।

भीसे LiFE

क्षेत्रीय कार्यालय

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल

एफ: 470, यू.सी.सी.आई. भवन के पास, मेवाड़ औद्योगिक क्षेत्र, माडडी, उदयपुर (राज.)
ई-मेल: rorpcbudaipur@gmail.com फोन नं.: 0294-2491269

पर्यावरण स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई के लिये आम सूचना

विषय:- मैसर्स श्री सांवरिया माईन्स एण्ड मिनरल्स, एम.एल.न. 22/2024 (क्षेत्रफल 1.3848 हैक्टेयर) 'क्वार्ट्ज, फैल्डसपार एवं मेसेनरी स्टोन', ग्राम शिशवी, तहसील-कुराबड, जिला-उदयपुर हेतु पर्यावरण स्वीकृति के लिए लोक सुनवाई।

1. सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स श्री सांवरिया माईन्स एण्ड मिनरल्स, एम.एल.न. 22/2024 (क्षेत्रफल 1.3848 हैक्टेयर) 'क्वार्ट्ज, फैल्डसपार एवं मेसेनरी स्टोन', ग्राम शिशवी, तहसील-कुराबड, जिला-उदयपुर प्रस्तावित परियोजना क्वार्ट्ज, फैल्डसपार एवं मेसेनरी स्टोन माईन (एम.एल.न. 22/2024, क्षेत्रफल 1.3848 हैक्टेयर) उत्पादन परियोजना क्षमता 2,63,678 टन प्रतिवर्ष (रोम) का प्रस्ताव राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (यहां तथा बाद में मण्डल के नाम से अभिलिखित) के समक्ष प्रस्तुत किया है तथा परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए लोक सुनवाई बाबत आवेदन किया गया है।2. और चूंकि मण्डल को उक्तपरियोजना हेतु वन, पर्यावरण एंव जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना संख्या एस.ओ. 1533 दिनांक 14.9.2006 के अनुसार लोक सुनवाई हेतु इस आशय की सुचना जारी कर 30 दिवस का नोटिस दिया जाना आवश्यक है।3. उक्त परियोजना से सबन्धित संक्षिप्त अभिलेख (कार्यकारी सारांश) निम्नांकित कार्यालयों पर उपलब्ध है:- 1) कार्यालय जिला कलेक्टर, उदयपुर। 2) सदस्य सचिव, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, मुख्यालय 4, संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर। 3) क्षेत्रीय कार्यालय वन, पर्यावरण एंव जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार ए-216, अरन्य भवन संस्थानिक क्षेत्र झालाना डुंगरी, जयपुर, 4) क्षेत्रीय कार्यालय वन एंव पर्यावरण मंत्रालय, केन्द्रीय भवन, 5वां तल, सेक्टर एच, अलीगंज, लखनऊ (उ.प्र.) 5) मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, उदयपुर, 6) उपखण्ड अधिकारी, तहसील-कुराबड, जिला-उदयपुर, 7) सरपंच, ग्राम शिशवी, तहसील-कुराबड, जिला-उदयपुर, 8) निदेशक, पर्यावरण विभाग, कमरा संख्या 8240 द्वितिय तल, उ-प (एसएसओ) भवन, सचिवालय, जयपुर। 9) क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, एफ-470, मेवाड औद्योगिक क्षेत्र, माडडी उदयपुर (राज.)।

अत: सर्व साधारण को नोटिस के माध्यम से एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त परियोजना के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति से सम्बन्धित लोक सुनवाई दिनांक 28.10.2025 (मंगलवार) को प्रातः 11:00 बजे, ग्राम पंचायत, ग्राम-शिशवी, तहसील कुराबड, जिला- उदयपुर में उपस्थित होकर अपने सुझाव/आक्षेप प्रस्तुत कर सकते है।

साथ ही इस सम्बन्ध में लिखित सुझाव / आपत्ति इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण, मण्डल, क्षेत्रीय कार्यालय, उदयपुर मे भी प्रस्तुत किये जा सकते है।

क्षेत्रीय अधिकारी

चाकू के हमले में व्यक्ति घायल

उदयपुर,(कासं)। अम्बामाता थाना क्षेत्र में बदमाश ने चाकू से हमला कर व्यक्ति को घायल किया। जानकारी के अनुसार बुधवार रात में सज्जनगढ मैन गेट के समीप फुडीज रेस्टोरेंट के पास केबिन के पास स्थित काउंटर पर प्रकाशचन्द्र प्रजापत पुत्र मोहनलाल निवासी कच्ची बस्ती नीमच माता हाल बाडी की नाल बडगांव पर बदमाश सोनू ओड पुत्र राजु ओड निवासी भीलूराणा कच्ची बस्ती ने चाकू से हमला कर दिया। कुल्हे पर घाव लगने से गंभीर घायल पीडित को उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। पीडित प्रकाश चन्द्र के काउंटर पर आरोपी तानसेन खरीदने गया था।

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-उदयपुर
(A State Govt.enterprise constituted under RHB Act 1970)
"salumber Chauhara, Sector 11, Udaipur-313002
Email-DHCUDPR.RHB@RAJASTHAN.GOV.IN

पत्र क्रमांक:-उप. आ. आ./वृत्त-उदय/2025-26/554 दिनांक :-18.9.2025

Registered

-: जाहिर आम सूचना (मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण):-

आवासस संख्या त-14 आय वर्ग EWS मापा 11.00 वर्ग यार्ड योजनाहिरण मगरी सेक्टर-5 आवासीय योजना शहर उदयपुर का श्री अशोक कुमार चेनानी पुत्र श्री नाउमल को आवंटन पत्र क्रमांक 5349 दिनांक 26.08.1976 जारी कर कब्जा दिया गया। उक्त आवास का अदेय प्रमाण पत्र क्रमांक 495 दिनांक 23.07.2024, श्री अशोक कुमार चेनानी पुत्र श्री नाउमल को जारी किया गया। उक्त आवास का प्रथम पंजीयन दिनांक 24.07.2024 द्वारा श्री अशोक कुमार चेनानी पुत्र श्री नाउमल के पक्ष में निष्पादित करवाया गया।

श्री अशोक कुमार चेनानी पुत्र श्री नाउमल की मृत्यु दिनांक 29.04.2025 को हो जाने के पश्चात उनके पुत्र श्री रवि चेनानी पुत्र स्व.श्री अशोक कुमार चेनानी ने कानुनन उत्तराधिकारी होने का दावा करते हुये उक्त आवास का नामान्तरण अपने पक्ष में करने हेतु मण्डल में आवेदन किया है। मृतक के विधिक वारिसान श्रीमती ममता चेनानी पत्नी स्व.श्री अशोक कुमार चेनानी, श्रीमती दिव्या पुत्री स्व.श्री अशोक कुमार चेनानी एवं श्रीमती दिव्यांशी पुत्री स्व.श्री अशोक क